विकास आयुक्त कार्यालय, SRLM प्रकोष्ठ

ब्लाक–चार, प्रथम तल, कक्ष क्रमांक–38 (CIV)
इंद्रावती भवन, नया रायपुर, छत्तीसगढ़

बिहान

(Ph.No. 0771-2510745, E-mail - mdcgsrlm@gmail.com, www.bihan.gov.in)

क्रमांक. 2962/वि–6/NRLM/HR&A/117/2011 नया रायपुर, दिनांक 13/09/2017

–:: आवेदन–आमंत्रित करने हेतु सूचना ::–

छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन 'बिहान' अंतर्गत राज्य एवं जिला स्तरीय पदों के लिये दिनांक 17.8.2017 तक ऑनलाईन आवेदन आमंत्रित किये गये थे, जिसमें प्रोग्राम एक्जीक्युटिव (आजीविका), विकासखण्ड परियोजना प्रबंधक, क्षेत्रीय समन्वयक, स्टेनो, लेखापाल, डाटा एंट्री ऑपरेटर, विकासखण्ड समन्वयक एवं एम.आई.एस. डाटा एंट्री ऑपरेटर के, विशेषकर आरक्षित पदों के लिये आवेदन प्राप्त नहीं हुए अथवा अत्यंत कम आवेदन प्राप्त हुए हैं, का जिलावार /आरक्षणवार पूर्ण विवरण वेबसाईट www.bihan.gov.in में दिया गया है। इन पदों की पूर्ति के लिये दिनांक 5 अक्टूबर 2017 तक पुनः ऑनलाईन आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं। किसी भी प्रकार के संशोधन की सूचना या जानकारी केवल वेबसाईट पर उपलब्ध करायी जावेगी।

मिशन संचालक, SRLM

विकास आयुक्त कार्यालय, SRLM प्रकोष्ठ

ब्लाक–चार, प्रथम तल, कक्ष क्रमांक–38 (CIV)
इंद्रावती भवन, नया रायपुर, छत्तीसगढ

(Ph.No. 0771-2510745, E-mail - mdcgsrlm@gmail.com, www.bihan.gov.in)

क्रमांक. 2962/वि–6/NRLM/HR&A/117/2011 नया रायपुर, दिनांक 13/09/2017

छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन 'बिहान' के अंतर्गत राज्य मिशन कार्यालय नया रायपुर, विभिन्न जिला मिशन एवं विकासखण्ड मिशन कार्यालयों में निम्नानुसार स्वीकृत/रिक्त पद पूर्णतया एकमुश्त मासिक वेतन आधार पर भरे जाने हेतु पदवार निर्धारित आरक्षण एवं अर्हता के अनुसार योग्यता रखने वाले पात्र आवेदकों से **दिनांक 19.09.2017 से 05.10.2017 सायं 5:00 बजे तक ऑनलाईन आवेदन आमंत्रित किया जाता है।** ऑनलाईन आवेदन करने हेतु वेबसाईट **www.bihan.gov.in** में दिये गये शीर्षक "छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन 'बिहान' के अंतर्गत स्वीकृत/रिक्त पदों पर भर्ती" से संबंधित सभी जानकारी/नियम–शर्तें, पदवार निर्धारित योग्यता/अर्हता, जिलावार–पदवार आरक्षण (राज्य एवं जिले के निर्धारित रोस्टर अनुसार) आदि की जानकारी प्राप्त कर सकते हैं तथा निर्धारित तिथि एवं समय तक ऑनलाईन आवेदन कर सकते हैं। आवेदन ऑनलाईन माध्यम से ही स्वीकार किये जावेंगे। ऑनलाईन आवेदन के अलावा अन्य माध्यम से प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जावेगा।

केवल क्षेत्रीय समन्वयक, लेखापाल, लेखा सह एम.आई.एस. सहायक, एम.आई.एस. डाटा एण्ट्री ऑपरेटर एवं डाटा एण्ट्री ऑपरेटर के पद पर आवेदन करने के लिये सरगुजा एवं बस्तर संभाग के अंतर्गत आने वाले जिलों में जिले के स्थानीय निवासी ही पात्र होंगे तथा अन्य जिलों में इन पदों के लिये छत्तीसगढ का स्थानीय निवासी होना अनिवार्य है।

जिलों के लिये स्वीकृत/रिक्त पदों पर भर्ती जिलों के द्वारा की जायेगी, अतः संबंधित पदों के लिये जिलेवार अलग–अलग आवेदन करना अनिवार्य है। प्रत्येक पद के लिये अलग–अलग ऑनलाईन आवेदन करना अनिवार्य है।

पदों का विवरण–

1. **राज्य मिशन कार्यालय, नया रायपुर हेतु पदों का विवरण–**
   अ. प्रोग्राम एक्जीक्युटिव–आजीविका (एकमुश्त मासिक मानदेय रू. 40,000)– (अ.ज.जा.–1)
   ब. स्टेनो (एकमुश्त मासिक मानदेय रू. 13,500)– (अना.–1)
2. **जिला मिशन कार्यालय हेतु पदों का विवरण–**
   अ. लेखापाल (एकमुश्त मासिक मानदेय रू. 12,000)–
   1. धमतरी (अना.–1) 2. दंतेवाड़ा (अना.–1) 3. कांकेर (अ.ज.जा.–1) 4. गरियाबंद (अना.–1)
   5. कोण्डागांव (अना.–1)
   ब. डाटा एंट्री ऑपरेटर (एकमुश्त मासिक मानदेय रू. 12,000)–
   1. धमतरी (अना.–1) 2. गरियाबंद (अना.–1) 3. कोण्डागांव (अना.–1)
3. **विकासखण्ड मिशन कार्यालय हेतु पदों का विवरण–**
   अ. विकासखण्ड परियोजना प्रबंधक (एकमुश्त मासिक मानदेय रू. 30,000)–
   1. रायपुर–1 (अना.–1) 2. धमतरी–1 (अ.ज.जा.–1) 3. गरियाबंद–1 (अ.ज.जा.–1 महिला)
   4. बालोद–1 (अ.ज.जा.–1) 5. कबीरधाम–1 (अ.ज.जा.–1) 6. कांकेर–2 (अ.ज.जा.–2 (1 महिला))
   7. कोरिया–2 (अ.ज.जा.–2 (1 महिला)) 8. कोण्डागांव–2 (अ.ज.जा.–3 (1महिला))
   ब. क्षेत्रीय समन्वयक (एकमुश्त मासिक मानदेय रू. 20,000)–
   1. रायपुर–1 (अ.ज.जा.–1) 2. गरियाबंद–1 (अ.ज.जा.–1) 3. बालोद–1 (अ.ज.जा.–1)
   4. कबीरधाम–1 (अ.ज.जा.–1) 5. बस्तर–1 (अ.पि.व.–1) 6. दंतेवाड़ा–2 (अ.ज.जा.–2)
   7. कांकेर–3 (अ.ज.जा.–3 (2 महिला)) 8. कोण्डागांव–4 (अ.ज.जा.–3 (1 महिला) अ.पि.व.–1)
   9. कोरिया–2 (अ.ज.जा.–2 (1 महिला))

विशेष परियोजना महिला किसान सशक्तिकरण परियोजना अंतर्गत 3 वर्ष की परियोजना अवधि के लिये विकासखण्ड परियोजना कार्यालय हेतु पदों का विवरण–

अ. विकासखण्ड समन्वयक (एकमुश्त मासिक मानदेय रू. 35,000)–
1. रायपुर–1 (अ.ज.जा.–1) 2. गरियाबंद–1 (अ.ज.जा.–1) 3.राजनांदगांव–1 (अ.ज.जा.–1)
4. बलरामपुर–1 (अ.ज.जा.–1) 5. बस्तर–2 (अ.ज.जा.–1 (दिव्यांग), अना.–1)

ब. एम.आई.एस. डाटा एंट्री ऑपरेटर (एकमुश्त मासिक मानदेय रू. 15,000)–
1. रायपुर–1 (अ.ज.जा.–1) 2. गरियाबंद–1 (अ.ज.जा.–1) 3.राजनांदगांव–1 (अ.ज.जा.–1)
4. बलरामपुर–1 (अ.ज.जा.–1) 5. बस्तर–2 (अ.ज.जा.–1 (दिव्यांग), अना.–1)

नोट :– किसी भी प्रकार के संशोधन की सूचना या जानकारी केवल वेबसाईट पर उपलब्ध करायी जावेगी।

मिशन संचालक, SRLM
एवं अपर विकास आयुक्त